**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन, रफी मार्ग, नई दिल्ली – 110 001**

सं. 20-4(1)/2001-राभा | दिनांक : 03 .09.2012

## परिपत्र

**विषय : परिषद मुख्यालय में दिनांक 07.09.2012 से 14.09.2012 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन**
**Sub : Celebration of Hindi Week from 07.09.2012 to 14.09.2012 in the CSIR Hqrs.**

वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद (सीएसआईआर) मुख्यालय में दिनांक 07.09.2012 से 14.09.2012 तक हिंदी सप्ताह का आयोजन किया जा रहा है। इस अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताएं जैसे **(1) काव्य पाठ (2) टिप्पण/प्रारूपण (3) निबंध (4) शब्दावली/हिंदी व्यवहार (भाषांतरण) (5) वाक् (वाद-विवाद)** आदि आयोजित की जाएंगी।

इन प्रतियोगिताओं में से **'काव्य पाठ'** तथा **'वाद-विवाद'** को एक वर्ग में तथा **'टिप्पण/प्रारूपण', 'निबंध', 'शब्दावली/हिंदी व्यवहार' (भाषांतरण)** को दो वर्गों में रखा जाएगा। पहले वर्ग में हिंदी, पंजाबी, उर्दू, मराठी, गुजराती मातृभाषी कर्मचारी होंगे तथा दूसरे वर्ग में शेष मातृभाषी कर्मचारी रखे जाएंगे। प्रत्येक प्रतियोगिता में प्रथम, द्वितीय, तृतीय स्थान पाने वाले कर्मचारियों को समुचित पुरस्कार देने की भी व्यवस्था की गई है। साथ ही सांत्वना पुरस्कार की भी व्यवस्था है।

**काव्य पाठ** प्रतियोगिता के अंतर्गत स्व-रचित कविता के लिए 5 अंक तक बोनस के रूप में दिए जाएंगे।

**निबंध** प्रतियोगिता के अन्तर्गत निम्नांकित विषय पर निबंध लिखना होगा तथा **शब्द-सीमा 1000-1500 शब्द** के बीच होगी।

**'जीवन जीने और उसे संवारने के लिए नैतिक मूल्यों तथा सिद्धांतों (सकारात्मक दृढ़ विचारों) का होना अनिवार्य है'**

**वाक् (वाद-विवाद)** प्रतियोगिता का विषय निम्नवत है और इस पर बोलने की अधिकतम **समय-सीमा 5 (पांच) मिनट** होगी।

**'उपभोक्तावाद की संस्कृति ही नैतिक एवं मानवीय मूल्यों के क्षरण का कारण है'**

हिंदी सप्ताह का समापन दिनांक 14.09.2012 को होगा तथा सप्ताह के दौरान आयोजित प्रतियोगिताओं में सफल प्रतिभागियों को उसी दिन पुरस्कार भी वितरित किए जाएंगे।

सभी वैज्ञानिकों/अधिकारियों/कर्मचारियों से इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने हेतु अनुरोध किया जाता है। अत: इन प्रतियोगिताओं में भाग लेने के इच्छुक वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारी संलग्न प्रपत्र भरकर **राजभाषा अनुभाग, कमरा नं. 404 में दिनांक 06.09.2012 तक** भेजने का कष्ट करें।

**(पूरन पाल)**
वरिष्ठ हिंदी अधिकारी (एसजी)

प्रतिलिपि :

1. सीएसआईआर मुख्यालय/सीएसआईआर कॉम्प्लेक्स के सभी प्रभाग/अनुभाग/वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारीगण
2. मानव संसाधन विकास केन्द्र, गाजियाबाद, आईपीएमडी के सभी अनुभाग/प्रभाग/वैज्ञानिक/अधिकारी/कर्मचारीगण
3. सीएसआईआर के सभी तलों के सूचना-पट्ट
4. कार्यालय प्रति

# <u>हिंदी सप्ताह से संबंधित प्रतियोगिता–प्रपत्र</u>

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | अधिकारी/कर्मचारी का नाम | : | |
| 2. | पदनाम | : | |
| 3. | प्रभाग/अनुभाग/एकक का नाम | : | |
| 4. | मातृभाषा | : | |
| 5. | हिंदी विषय के साथ पास की गई अंतिम कक्षा/परीक्षा | : | |
| 6. | प्रतियोगिता का नाम जिसमें सम्मिलित होना है (कृपया √ का चिह्न लगाएं) | : | |
| | 1. काव्य पाठ<br>(Poetry recitation)<br>**(07.09.2012)** | : | |
| | 2. टिप्पण/प्रारूपण<br>(Noting/Drafting)<br>**(10.09.2012)** | : | |
| | 3. निबंध<br>(Essay)<br>**(11.09.2012)** | : | |
| | 4. शब्दावली/हिंदी व्यवहार (भाषांतरण)<br>Terminology/Hindi Usage (Translation)<br>**(12.09.2012)** | : | |
| | 5. वाक् (वाद–विवाद)<br>(Debate)<br>**(13.09.2012)** | : | |

**आवेदक के हस्ताक्षर** :

**दिनांक** :